पत्रिका

# जयपुर में लाखों रुपए की नकली दवाएं जब्त, अगर आप भी खा रहे हैं ये एंटीबायोटिक, तो तुरंत चेक कर लें नाम



जयपुर: राजस्थान के स्वास्थ्य महकमे में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब राज्य औषधि नियंत्रण आयुक्तालय ने एक प्रमुख एंटीबायोटिक दवा को 'नकली' घोषित करते हुए अलर्ट जारी किया। जयपुर स्थित औषधि परीक्षण प्रयोगशाला की जांच में 'किलमेड 625 एलबी' (अमोक्सिलिन पोटेशियम क्लेवुलेनेट एंड लैक्टिक एसिड बेसिलस) का सैंपल गुणवत्ता मानकों पर पूरी तरह फेल पाया गया है।

जांच रिपोर्ट में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि दवा में क्लेवुलेनिक एसिड की मात्रा शून्य थी। विशेषज्ञों के अनुसार, क्लेवुलेनिक एसिड इस एंटीबायोटिक का वह अनिवार्य घटक है, जो बैक्टीरिया के प्रतिरोध को तोड़कर दवा को असरदार बनाता है।

इसके बिना दवा का संक्रमण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। यह दवा हिमाचल प्रदेश के बद्दी स्थित वीएडीएसपी फार्मा द्वारा निर्मित की गई थी और जयपुर की इक्यूएमईडी हेल्थकेयर को सप्लाई की गई थी।

Source: https://www.patrika.com/jaipur-news/jypur-men-lakhon-rupe-ki-nkli-dvaen-jbt-agr-aap-bhi-kha-rhe-hain-ye-entibayotik-to-turnt-chek-kr-len-nam-20504590